Series OSS

Code No. **62**
कोड नं.

Roll No.
रोल नं.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.
परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- Please check that this question paper contains **6** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **25** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the student will read the question paper only and will not write any answer on the answer script during this period.
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **6** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **25** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जायेगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# SOCIOLOGY

# समाजशास्त्र

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 80*

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*

**General Instructions :**

(i) *There are* ***25*** *questions in all.*

(ii) ***All*** *questions are compulsory.*

(iii) *Questions No.* ***1 – 14*** *are of* ***2*** *marks each, and are to be answered in about* ***30*** *words.*

(iv) *Questions No.* ***15 – 21*** *are of* ***4*** *marks each, to be answered in about* ***80*** *words.*

(v) *Questions No.* ***22 – 24*** *are of* ***6*** *marks each, to be answered in about* ***200*** *words.*

(vi) *Question No.* ***25*** *carries* ***6*** *marks and is to be answered based on the passage given.*

(vii) *Answers should be precise and to the point.*

**सामान्य निर्देश :**

(i) प्रश्न-पत्र में कुल **25** प्रश्न हैं ।

(ii) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं । .

(iii) प्रश्न संख्या **1 – 14** तक **दो-दो** अंकों के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग **30** शब्दों में दीजिए ।

(iv) प्रश्न संख्या **15 – 21** तक **चार-चार** अंकों के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग **80** शब्दों में दीजिए ।

(v) प्रश्न संख्या **22 – 24** तक **छः-छः** अंकों के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग **200** शब्दों में दीजिए ।

(vi) प्रश्न संख्या **25** के लिए **छः** अंक निर्धारित हैं और उसका उत्तर दिए हुए अनुच्छेद के आधार पर देना है ।

(vii) आपके उत्तर सुनिश्चित तथा प्रश्न के अनुकूल होने चाहिए ।

**1.** What is meant by the 'age structure' of population ? *2*

जनसंख्या की 'आयु संरचना' का क्या तात्पर्य है ?

**2.** What is meant by secularisation ? *2*

पंथ-निरपेक्षीकरण का क्या आशय है ?

**3.** What are two features of ascriptive identity ? *2*

आरोपित पहचान (एस्क्रिप्टिव आइडेंटिटी) की दो विशेषताएँ क्या हैं ?

4. What is the difference between law and justice ? 2

विधि और न्याय में क्या अन्तर है ?

5. Why do Dalit social movements have a particular character that is different from other movements ? 2

दलित सामाजिक आंदोलनों का अन्य आंदोलनों से भिन्न एक विशेष चरित्र क्यों था ?

6. What is social about social inequality ? 2

सामाजिक असमानता के संदर्भ में सामाजिक का क्या अर्थ है ?

7. What rights does the right to information give to citizens ? 2

सूचना का अधिकार नागरिकों को क्या-क्या अधिकार प्रदान करता है ?

8. What is meant by the globalization of finance ? 2

वित्त के भूमंडलीकरण से क्या तात्पर्य है ?

9. What was the significance of the 'Silk Route' ? 2

'रेशम मार्ग' की क्या महत्ता थी ?

10. Differentiate between a reformist and a revolutionary movement. 2

सुधारवादी आंदोलन और क्रांतिकारी आंदोलन में अंतर स्पष्ट कीजिए ।

11. How is colonialism different from earlier forms of conquests ? 2

विजय (कांक्वेस्ट) के पूर्व रूपों से उपनिवेशवाद किस प्रकार भिन्न है ?

12. Differentiate between Fordism and Post-Fordism. 2

फ़ोर्डिज़्म और पोस्ट-फ़ोर्डिज़्म में अंतर स्पष्ट कीजिए ।

13. What were the demands of workers in the Bombay textile strike of 1982 ? 2

1982 में मुंबई की कपड़ा हड़ताल में श्रमिकों की क्या माँगें थीं ?

14. Name two women's organizations of the early twentieth century. 2

बीसवीं शताब्दी के प्रारंभ के दो महिला संगठनों के नाम लिखिए ।

15. What is meant by westernization ? Describe its different aspects. 4

पश्चिमीकरण का क्या आशय है ? इसके विभिन्न पक्षों का वर्णन कीजिए ।

16. Explain regionalism in the Indian context. *4*

भारतीय संदर्भ में क्षेत्रवाद को स्पष्ट कीजिए ।

17. According to demographers and sociologists, what are the reasons for the decline in the child sex ratio in India ? *4*

जनसांख्यिकीविदों और समाजशास्त्रियों के अनुसार भारत में बच्चों के स्त्री-पुरुष अनुपात में कमी आने के क्या कारण हैं ?

18. Write a note on home based industry with suitable examples. *4*

उपयुक्त उदाहरण देते हुए घरों में होने वाले उद्योग पर एक टिप्पणी लिखिए ।

19. What were the major women's issues taken up by various reformers in Indian history ? *4*

**OR**

Describe the social phenomenon of untouchability and explain its various dimensions.

भारतीय इतिहास में विभिन्न सुधारकों द्वारा महिलाओं के बारे में उठाए गए प्रमुख मुद्दे क्या थे ?

**अथवा**

अस्पृश्यता के सामाजिक तथ्य का वर्णन कीजिए और इसके विभिन्न आयामों को स्पष्ट कीजिए ।

20. What are Panchayats ? What are some of their powers and responsibilities ? *4*

**OR**

In a democratic form of government, political parties are key actors. Explain.

पंचायतें क्या हैं ? उनके कुछ अधिकारों और उत्तरदायित्वों का उल्लेख कीजिए ।

**अथवा**

लोकतंत्रीय सरकार के स्वरूप में राजनीतिक दल प्रमुख अभिनेता होते हैं । स्पष्ट कीजिए ।

21. What was the impact of colonialism on Indian society ? *4*

भारतीय समाज पर औपनिवेशीकरण का क्या प्रभाव पड़ा ?

22. Write a note on the beginnings of the modern mass media. What were its effects ? *6*

**OR**

In what ways has globalisation affected Indian television ?

आधुनिक जनसंचार माध्यमों (मास मीडिया) के प्रारंभ पर एक टिप्पणी लिखिए । इसके क्या प्रभाव थे ?

**अथवा**

भारतीय टेलीविज़न पर भूमंडलीकरण का प्रभाव किन रूपों में पड़ा ?

23. Explain the common features of the caste system as it existed in the past. *6*

प्राचीनकाल में मौजूद जाति प्रथा की सामान्य विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए ।

24. Highlight the caste-based markets and trading networks in pre-colonial India. *6*

पूर्व-औपनिवेशिक भारत में जाति-आधारित बाज़ारों और व्यापार तंत्रों पर प्रकाश डालिए ।

25. Read the following passage and answer the questions below :

Peddolla Napidi Bhumana hanged himself at home in Donchanda village of Morthad Mandal late on Friday night. It's learnt that the 55-year old farmer, faced with crop failure, was driven to desperation because he was unable to clear his mounting debts. Most suicides in Andhra Pradesh have been reported from the arid regions of Telangana and Rayalaseema where farmers are heavily dependent on rain.

As in Vidarbha last year, most of the suicides have been farmers who had borrowed heavily from private money-lenders at exorbitant interest rates. The loans were taken to dig borewells to tap ground water for cotton and other vegetable crops in the absence of rain. The situation has been exacerbated by the falling water table in these districts.

*(Taken from a report in The Times of India of 16/08/09)*

(a) Which are the regions where most farmers' suicides have taken place ? Why have these regions been affected ? *2*

(b) What are some of the changes in rural society and the agrarian economy that are responsible for farmers' suicides ? *4*

निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

मोर्थड मंडल के गाँव दोनचंड में पेड्डोला नापिडी भूमना ने शुक्रवार को देर रात गए अपने घर पर फाँसी लगाकर आत्महत्या कर ली । ज्ञात हुआ है कि 55-वर्षीय किसान फसल न होने के कारण निराश हो गया था क्योंकि वह अपने बढ़ते ऋण को चुकाने में असमर्थ था । आंध्र प्रदेश में आत्महत्या की अधिकांश घटनाएँ तेलंगाना और रायलसीमा के सूखाग्रस्त क्षेत्रों में हो रही हैं जहाँ किसान पूर्ण रूप से वर्षा पर ही निर्भर हैं ।

जैसा कि पिछले वर्ष विदर्भ में हुआ था, आत्महत्या करने वाले अधिकांश किसान वे थे जिन्होंने अत्यंत ऊँची ब्याज दर पर ग़ैर-सरकारी साहूकारों से बड़ी मात्रा में ऋण लिया था । यह ऋण वर्षा न होने के कारण कपास और अन्य सब्ज़ियों के लिए भूमिगत जल पाने के लिए कुएँ खोदने हेतु लिया गया था । इन जिलों में जल स्तर नीचे चले जाने के कारण स्थिति बिगड़ गई थी ।

*(16/08/09 को द टाइम्स ऑफ इंडिया में प्रकाशित रिपोर्ट से उद्धृत)*

(क) वे कौनसे क्षेत्र हैं जहाँ अधिक किसानों ने आत्महत्याएँ की हैं ? ये क्षेत्र क्यों प्रभावित हुए हैं ?

(ख) ग्रामीण समाज और कृषि आधारित अर्थव्यवस्था में कुछ परिवर्तनों का उल्लेख कीजिए जो किसानों की आत्महत्याओं के लिए जिम्मेदार हैं ।